## दैनिक पंचांग

**28 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.42 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.22 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.33 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.49 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.27 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.43 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मकर | 03.48 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.34 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 59 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 20.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 09.35 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 17.02 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.37 बजे तदनन्तर बालव 20.44 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 03' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872634 **जूलियन दिन** 2461099.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 10 **विशेष** गोविन्द द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

### नील गगन के नक्षत्र

| 1 | 2 | 3 | 5 |
|---|---|---|---|
| 399 | 110 | 166 | 122 |
| 489 | 246 | 256 | 140 |
| 588 | 778 | 490 | 690 |

दिन-588-589

मधुर डे-789-580 मधुर नाइट-

मिलन डे-235-556 मिलन नाइट-

### भविष्यफल

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, द्वादशी, शनिवार, पुर्नवसु नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, वलकरणे, कर्क की चंद्रमा, त्रिपुस्कर योग, देव प्रतिष्ठा जलखनन तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, उत्तम वक्ता, अभिनेता, जिद्दी-हठी, कमीशन एजेन्ट तथा भूमि-भवन को बेचने-खरीदने वाला, बड़े नेताओं का सचिव, कार्यकर्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, दलाल होगा।

**मेष राशि :** धन का व्यय होगा, तनाव पूर्ण वातावरण से बचने का प्रयास करें, स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**वृष राशि :** अधिकारियों के समर्थन से साधन जुटायेंगे, शुभ समाचार अवश्य ही मिलेगा।

**मिथुन राशि :** चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, शुभ समाचार से हर्ष होगा।

**कर्क राशि :** बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, सुख-समृद्धि के साधन अवश्य ही बनेंगे।

**सिंह राशि :** स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा, भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, कार्यगति उत्तम होगी।

**कन्या राशि :** प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, संघर्ष से अधिकार प्राप्त करेंगे, भाग्य आपका साथ देगा।

**तुला राशि :** कुटुम्ब और धन की चिन्ता बनी ही रहेगी, सोचे कार्य परिश्रम से पूर्ण होंगे ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि :** प्रत्येक कार्य में बाधा क्लेशयुक्त रखे, स्थिति सामर्थ योग्य बनेगी ध्यान अवश्य दें।

**धनु राशि :** भावनायें विक्षुब्ध रहेंगी, दैनिक कार्यगति मदं रहेगी, परिश्रम से कार्य अवश्य बनेंगे।

**मकर राशि :** तनाव, क्लेश व अशांति, धन का व्यय, मानसिक खिन्नता अवश्य ही बनेगी।

**कुंभ राशि :** कार्य कुशलता से संतोष, व्यवसायिक समृद्धि के साधन अवश्य ही जुटायेंगे।

**मीन राशि :** कुटुम्ब के कार्यों में समय बीतेगा तथा हर्षप्रद समाचार मिलेगा, मित्र मिलेंगे।

## अध्ययन कक्ष वास्तु उपाय: जब बच्चा बार-बार पढ़ाई में होने लगे फेल तो करें स्टडी रूम का ये वास्तु उपाय

**इन बातों का भी रखें ध्यान-** बच्चे के स्टडी रूम को हमेशा साफ रखें और वहां पर गंदे सामान इधर-उधर न फैले हों. बच्चे की स्टडी टेबल पर लाइट कलर का मेजपोश लगाएं. बच्चे की टेबल पर जरूरत से ज्यादा सामान और कॉपी-किताब नहीं होनी चाहिए. स्टडी रूम की दीवारों पर हमेशा हल्के हरे, पीले अथवा क्रीम कलर से पेंट करवाएं. स्टडी रूम में मोर पंख और मां सरस्वती का चित्र रखें. आप चाहें तो अपने इष्टदेवता या प्रेरणा स्रोत का भी चित्र रख सकते हैं.

**बच्चे को विधि-विधान से पूजा करकेरुद्राक्ष धारण करवाएं :** ऊँ श्रीमहासरस्वतीदैव्येइनम:

**प्रोफेशन के अनुसार स्टडी टेबल की वास्तुशास्त्रीय दिशा निर्धारण इस प्रकार होना चाहिए:** 1) राजनीति विज्ञान (Political Science) के छात्रों के लिए स्टडी टेबल को पूर्व दिशा में रखना शुभ माना जाता है क्योंकि पूर्व दिशा नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत होती है।

2) योग, खेल या Physical Education से जुड़े विद्यार्थियों के लिए दक्षिण-दक्षिण-पूर्व दिशा उचित होती है, जिससे सक्रियता और ऊर्जा बनी रहती है।

3) कानून या पुलिस (Law/Police) के छात्रों के लिए दक्षिण-पूर्व दिशा सबसे अनुकूल मानी जाती है, जो इस क्षेत्र की ऊर्जा को बढ़ावा देती है।

4) अकाउंटेंसी (Accountancy) से जुड़े विद्यार्थियों को पश्चिम या पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में टेबल रखना चाहिए ताकि मानसिक विवेक और विश्लेषण क्षमता बढ़े।

5) होम साइंस या रिटेल ट्रेड (Home Science/Retail Trade) में अध्ययन करने वालों के लिए उत्तरी-पश्चिम दिशा उपयुक्त है जो उन्हें व्यावसायिक बुद्धिमत्ता और सही निर्णय लेने में मदद करती है।

6) प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे MBA, IAS आदि की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए उत्तर-पूर्व दिशा सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है, जो एकाग्रता, शांति और सफलता प्रदान करती है।

इन दिशाओं में टेबल रखने से न केवल वास्तु की ऊर्जा संतुलित होती है, बल्कि अध्ययन और कार्य में ध्यान केंद्रित करने तथा उत्पादकता बढ़ाने में भी मदद मिलती है।

इस प्रकार, हर प्रोफेशन के लिए वास्तु के अनुसार टेबल की दिशा निर्धारित कर एक अनुकूल और सकारात्मक अध्ययन वातावरण बनाया जा सकता है।

**स्टडी टेबल के वास्तु नियम: उम्र एवं प्रोफेशन अनुसार सामान्य वास्तु दिशा और स्वरूप:** स्टडी टेबल हमेशा आयताकार या वर्गाकार (Rectangular/square) होना चाहिए, गोल या अनियमित आकार न लें।

टेबल पूर्व (East) या उत्तर (North) दिशा में रखनी चाहिए और पढ़ते समय चेहरा उन्हीं दिशाओं में हो।

टेबल दीवार से 3-4 इंच दूर रखें ताकि विचारों में प्रवाह बना रहे।

स्टडी टेबल अव्यवस्थित व गंदी न हो, हमेशा साफ-सुथरी रखें।

किताबों की शेल्फ टेबल के बाईं ओर या पीछे रखें, ऊपर सिर के ऊपर नहीं।

टेबल पर टेबल लैम्प दक्षिण-पूर्व (South-East) कोने में रखें।

कभी भी टेबल बीम के नीचे न रखें और न ही सामने खाली दीवार हो।

**उम्र के अनुसार:** 1) छोटे बच्चों (primary students): पूर्व दिशा में टेबल रखें, दीवार पर प्रेरणादायक पोस्टर लगाएँ और टेबल सिर के ऊपर शेल्फ से मुक्त रखें। 2) किशोर/टीनएजस: उत्तर या पूर्व दिशा में मुख रखते हुए पढ़ाई करें, और टेबल को हल्के रंग की लकड़ी का चुनें।

3) वयस्क/कॉलेज वर्क (students preparing for competitive e&ams): उत्तर-पूर्व (North-East) सबसे शुभ मानी जाती है।

*गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य, अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009*

---

**डीआईजी एवं कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

# मुख्यमंत्री डॉ यादव का बड़वानी जिले में प्रस्तावित आगमन



**बड़वानी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ग्राम नागलवाड़ी में 2 मार्च को प्रस्तावित कैबिनेट एवं ग्राम जुलवानिया में प्रस्तावित भगोरिया उत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासनिक और पुलिस अमला ने सम्पूर्ण व्यवस्था का अवलोकन किया। डीआईजी (खरगोन रेंज) सिद्धार्थ बहुगुणा एवं कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने नागलवाड़ी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं और तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण नागलवाड़ी मंदिर में भिलट देव के दर्शन कर कैबिनेट बैठक सहित विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी एवं जुलवानिया में आयोजित भागोरिया उत्सव में सम्मिलित होंगे।**

इस के तहत अधिकारियों के संयुक्त दल ने मुख्य कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नागलवाड़ी भीलट देव मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने सभा स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और वीआईपी मूवमेंट के रूट का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजनों के लिए पेयजल और छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा के लिहाज से हेलीपैड की बैरिकेडिंग और वहां से मुख्य मार्ग तक के सुरक्षा घेरे की समीक्षा डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा कर निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में आवश्यकता अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए रूट डायवर्जन प्लान तैयार कर किया गया है। मंदिर दर्शन के मद्देनजर मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए, जिससे दर्शनार्थियों और वीआईपी प्रोटोकॉल में कोई समन्वय की कमी न रहे। नागलवाड़ी में कैबिनेट की बैठक प्रस्तावित है। इसे लेकर विभागवार तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में सभी विभागीय प्रदर्शनियां और पांडाल तैयार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लोक निर्माण विभाग के अभियंता और अन्य संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## कमरू बाबा के पर पोतों ने रमजान का रोजा रखा

बाकानेर सैयद अखलाक अली औद्योगिक श्रेत्र जीराबाद के वरिष्ठ समाज सेवी दादा कमरुद्दीन के पर पोते मोहम्मद हसनैन 4 साल मोहम्मद उजर 3 साल मोहम्मद हमदान 5 साल ने रमजान पवित्र माह का ओर अपनी जिंदगी का पहला रोजा रख अमन चैन भाई चारे और सबकी खैरियत की दुआएं मांगी, दादा कमरुद्दीन साहब को कॉम्लेक्स मैंन के नाम से जानते है सब 40 साल पहलेशाबिंग कॉप्लेक्स बनाकर किराए से दुकान देकर अनेक लोगों को रोजगार दिया जो काबिले तारीफ है। मासूम रोजेदार उजर हमदान हसनैन को

---

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला, लाइव बहुविकल्पीय सर्वेक्षण से परखी गई विद्यार्थियों की समझ**

# मन की समस्याओं का उपचार उन्हें सांझा करना है, छुपाना नहीं - मनीष गुप्ता



बड़वानी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को केंद्र में रखते हुए एक प्रभावी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपालन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता मनीष गुप्ता अध्यक्ष चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट एवं सदस्य, बाल कल्याण समिति ने कहा कि हम जितनी बातें मन में दबाकर रखते हैं, उतनी ही कुंठाएं जन्म लेती हैं। मानसिक समस्याओं का उपचार उन्हें सांझा करना है, न कि छुपाना। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं संवादशील बनने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वीणा सत्य के मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य समिति के संयोजक डॉ जितेंद्र ठाकुर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की विशेषता लाइव डिजिटल सर्वेक्षण रहा। कार्यशाला के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए, जिनके माध्यम से उनकी समझ, भ्रांतियों एवं जागरूकता स्तर का आंकलन किया गया। प्राप्त परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों से तथ्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक चर्चा की गई। एक प्रश्न क्या मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं केवल दवाओं से ही ठीक हो सकती हैं। पर 73.58 प्रतिशत (39 प्रतिभागी) ने इसे गलत माना, जबकि 26.42 प्रतिशत (14 प्रतिभागी) ने सही उत्तर दिया। इस परिणाम के आधार पर मुख्य वक्ता ने स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य का उपचार बहुआयामी है, जिसमें संवाद, परामर्श, पारिवारिक सहयोग, जीवनशैली सुधार एवं सकारात्मक सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ कंचन कन्नौजे, प्रो लक्ष्मण डावर, प्रो अनीता खांडे सहित प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन प्रो अविनाश वानखेड़े, अतिथि परिचय प्रो अर्चना पीपलाद तथा आभार प्रदर्शन प्रो रितु कुमरावत द्वारा किया गया। कार्यशाला ने विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं खुलकर संवाद की आवश्यकता को प्रभावी रूप से रेखांकित किया।



## निर्माण कार्यों के निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में करें पूर्ण - कलेक्टर

**बड़वानी। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने बुधवार को आकांक्षी विकासखण्ड पाटी के अंतर्गत ग्राम बूदी स्थित आजीविका भवन में निर्माण कार्य की बैठक ली। बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन, पंचायत कार्यों की प्रगति और विकास लक्ष्यों की पूर्ति पर विस्तृत चर्चा की गई।**

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि शेष बचे हुए सभी निर्माण कार्यों को बारिश शुरू होने से पहले अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाये। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता से समझौता न करने और समय-सीमा का कढ़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। निर्माण कार्यों में गति लाने के लिए उन्होंने सचिवों, रोजगार सहायकों और सब-इंजीनियरों को निर्देशित किया कि निर्माण सामग्री और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाये, ताकि लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा न आये। उन्होंने मैदानी अमले को पूरी एकाग्रता और नियमितता के साथ कार्य करने की हिदायत भी दी ताकि आकांक्षी विकासखंड के निर्धारित मानकों को समय पर हासिल किया जा सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने क्रियाशील पंचायत अभियान के तहत अब तक हुए कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने इस अभियान के बचे हुए कार्यों को भी शीघ्रता से पूरा करने को कहा। इस दौरान जनपद पंचायत पानसेमल सीईओ एवं तहसीलदार पाटी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---



## क्षत्रिय कुशवाह समाज की नई कार्यकारिणी गठित सर्वसम्मपति से पदाधिकारियों की घोषणा

**नंदराम कुशवाह बने अध्यक्ष**

बड़वानी। क्षत्रिय कुशवाह समाज की स्थानीय इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री मोगरे द्वारा ग्राम इकाई के विभिन्न पदों और उनके कर्तव्यों के बारे में समाज को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी एवं अन्य पदों के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। नवनियुक्त कार्यकारिणी में अध्यक्ष नंदराम कुशवाह (प्रस्तावक बालकृष्ण सोनगरा, अनुमोदक लोकेश मोंगरे) उपाध्यक्ष शोभाराम जिराती एवं राजाराम कुशवाह, सचिव कमल गनवानी, सह. सचिव संजय मोतीलाल एवं हीरालाल कुशवाह, कोषाध्यक्ष दुर्गालाल कुशवाह प्रस्ताविक राजू कुशवाह, सह कोषाध्यक्ष बसंतीलाल कुशवाह, संगठन मंत्री काशीराम कुशवाह, लोकेश लोनारे, प्रचार मंत्री राधेश्याम भूरेलाल कुशवाह एवं मनोज जिराती, मीडिया प्रभारी नरेश कुशवाह, नवीन कुशवाह एवं श्याम कुशवाह को बनाया गया है। वरिष्ठजनों ने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

## ब्राह्मण स्वर्णकार समाज महिला संगठन ने मनाया फाग उत्सव

बड़वानी। श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज महिला संगठन द्वारा समाजजनों के सहयोग से फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अभिलाषा भरत सोनी एवं सह प्रभारी श्रीमती संगीता श्याम सोनी द्वारा संपूर्ण रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने श्री राधा वल्लभ लाल के भजन-कीर्तन कर आरती की। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। राधे कृष्ण संग फूलों से होली खेलकर हर्षोल्लास से फाग उत्सव मनाया। संगीता श्याम सोनी और प्रीतिबाला राजकुमार सोनी द्वारा विशेष आकर्षण में राधा कृष्ण स्वरूप लिया गया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

बड़वानी। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिला आयुष एवं सामाजिक न्याय विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिले के वृद्ध एवं वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 27 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयुष विंग पंचकर्म थेरेपी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 15 पुरुष एवं 14 महिलाओं ने आयुर्वेद स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।



## महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

बड़वानी। शासकीय आदर्श महाविद्यालय में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई। प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में भारतमाता के महान सपूत चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम किया गया। डॉ बीएस मुजाल्दा ने विद्यार्थियों से कहा कि चंद्रशेखर आजाद मध्य प्रदेश के भाबरा क्षेत्र से थे। क्रांतिकारी गतिविधियों में उनके योगदान को अविस्मरणीय माना जाता है। कार्यक्रम में प्रो आकाश ने आजाद के जीवन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि उनके योगदान और क्रांतिकारी गतिविधियों को हम स्मरण कर ऐसी पुण्य आत्मा को शत-शत नमन करते हैं। 23 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए जीवित रूप में अंग्रेजों के हाथ में न आने का संकल्प अर्थात आजाद रहने का निर्णय लेकर स्वयं की रिवाल्वर से आत्मोत्सर्ग किया। डॉ अनिल पाटीदार ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान डॉ पूजा मंडलोई, डॉ प्रिया बघेल, डॉ लखन परमार, तनीषा, विजय, अरुण, राहुल, मनीषा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता की।

---

# नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी के लिए समस्त बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ हुई प्रिंसिटिंग



**बड़वानी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी के लिए बड़वानी में महेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के मार्गदर्शन में रईस खान विशेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत की अध्यक्षता में समस्त बीमा कम्पनी के इंश्योरेन्स कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ हुई प्रिसिटिंग।**

प्रभारी नोडल अधिकारी रईस खान द्वारा प्रिसिटिंग में उपस्थित अधिवक्ता से चर्चा कर उन्हें निर्देशित किया कि एमएसीटी प्रकरणों में बीमा कम्पनी के ऐसे प्रकरण जिनमें ई बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन न हो ऐसे राजीनामा योग्य क्लेम प्रकरणों में पक्षकार व उनके अधिवक्तागण से चर्चा कर अधिक से अधिक प्रकरण 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रैफर कर निराकृत कराए। जिस पर उपस्थित अधिवक्तागण ने सहमति जताई। बैठक में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश चंदनसिंह चौहान, अमूल मण्डलोई सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल, शर्मा न्यू इण्डिया, व अन्य प्राईवेट कम्पनी, सोहनलाल पाटीदार आईसीआईसीआई कम्पनी लिमि, मनोज तिवारी अधिवक्ता यूनाईटेट, ऋषभ दोशी ओरियन्टल इंश्योरेन्स कम्पनी, संजय शर्मा इफ्को टोकियो एवं नेशनल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमि निमेश त्रिवेदी बजाज इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड आदि उपस्थित थे।

## भूकंप आपदा प्रबंधन विषय पर किया मॉक ड्रिल का आयोजन



बड़वानी। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ11वीं वाहिनी वाराणसी, जिला बड़वानी के एसडीआरएफ तथा आपदा मित्रों, एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयं सेवकों के साथ शहीद भीमा नायक कॉलेज में सुबह 11 बजे भूकंप आपदा प्रबंधन विषय पर मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। इस दौरान भूकंप के दौरान एवं बाद किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डालते हुए इमारत में फंसे हुए घायलों को बाहर निकालने का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला सेनानी, मुकेश मीणा तथा एनडीआरएफके दया राम मीणा उपस्थित रहे।